Title: Need to provide additional funds to the Government of Rajasthan to solve drinking water problem in the State. − Laid

श्री भेरूलाल मीणा (सलूम्बर): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान राज्य दो भागों में बंटा हुआ है, जिसमें दक्षिणी राजस्थान पहाड़ी क्षेत्र है और उत्तरी भाग रेगिस्तान है। पहाड़ी क्षेत्र में जमीन की कमी है, जो भी जमीन है, उसके लिए सिंचाई के साधन नहीं हैं। उत्तरी राजस्थान में रेतीला क्षेत्र है, इस क्षेत्र में भी सिंचाई के साधन नहीं है। इसी प्रकार राजस्थान में पेयजल की स्थिति भी बहुत गंभीर है। अब तक राजस्थान को केन्द्र सरकार से पेयजल एवं सिंचाई हेतु अन्य राज्यों के मुकाबले बहुत कम बजट दिया गया है। पहाड़ी क्षेत्र में वर्ा का जल बह कर चला जाता है, उसको छोटे-बड़े बांध बनाकर रोका जा सकता है और इससे अकाल की स्थिति भी संभवतः कम हो सकती है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थान राज्य को पेयजल एवं सिंचाई के साधन जुटाने के लिए अतिरिक्त बजट दिया जाये तथा इस बजट में निम्न कार्य करायें जायें।

1. अरावली पहाड़ियों का पानी योजना बनाकर रोका जाये।
2. जयसमन्द झील को भरने के लिए झाखम बांध से केनाल बनायी जाये।
3. माही परियोजना की अधूरी नहरों को पूर्ण कराया जाये।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी नदियां हैं, उन पर एनिकट का निर्माण किया जाये।